# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: X** **विषय: सामाजिक विज्ञान**

**अवधि: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

1- प्रश्न पत्र में छह खंड हैं – क, ख, ग, घ, ङ और च । प्रश्न पत्र में 37 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2- खंड क - प्रश्न 1 से 20 तक प्रत्येक 1 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3- खंड ख – प्रश्न संख्या 21 से 24 अति लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
4- खंड ग में प्रश्न 25 से 29, लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक में 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए
5- खंड घ – प्रश्न संख्या 30 से 33 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक में 5 अंक होते हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6- खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 से 36 केस आधारित प्रश्न हैं जिनमे 3 उप प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न 4 अंक के हैं ।
7- खंड च - प्रश्न संख्या 37 मानचित्र आधारित है, जिसमें दो भागों के साथ 5 अंक हैं, इतिहास से 37.a (2 अंक) और भूगोल से 37.b (3 अंक)।
8- प्रश्न पत्र में कोई अन्य विकल्प नहीं है। हालांकि, कुछ प्रश्नों में एक आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का प्रयास किया जाना चाहिए।
9- इसके अलावा, जहां भी आवश्यक हो, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

| S.No. | खण्ड क<br>बहुविकल्पीय प्रश्न | Maximum Marks (20X1=20) |
|---|---|---|
| 1 | गलत मिलान की पहचान कीजिए।<br>A. जलोढ़ मृदा – गन्ने की कृषि<br>B. काली मृदा – कपास की कृषि<br>C. लेटराइट मृदा – काजू की कृषि<br>D. लाल मृदा – सेब की कृषि | 1 |
| 2 | निम्नलिखित में से कौन – सा रिजर्व बैंक का एक कार्य है?<br>1. बैंकों को ब्याज की दरों व शर्तों के लिए दिशा–निर्देश प्रदान करता है।<br>2. मुद्रा जारी करना।<br>3. मौद्रिक नीति की समीक्षा करना।<br>4. बैंक की कार्यप्रणाली पर नजर रखना।<br>A. केवल 1 सही।<br>B. केवल 1 व 2 सही।<br>C. केवल 2,3 व 4 सही।<br>D. उपरोक्त सभी कथन सही हैं। | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| **3** | निम्नलिखित में से कौन–सा कथन 1804 के नेपोलियन नागरिक संहिता के संदर्भ में सत्य है।<br>1. इसने जन्म पर आधारित विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया।<br>2. इसने प्रशासनिक विभाजनों को सरल बनाया।<br>3. यातायात और संचार–व्यवस्थाओं को सुधारा गया।<br>4. इस संहिता को फ्रांसीसी नियंत्रण के अधीन क्षेत्रो में भी लागू किया गया।<br>A. केवल 1 सही है।<br>B. केवल 1 एवं 2 सही है।<br>C. केवल 2 व 3 सही है।<br>D. सभी कथन सही है। | **1** |
| **4** | लोकतंत्र के मूल्यांकन के लिहाज से निम्नलिखित में से कोई एक चीज़ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है। उसका चुनाव कीजिए।<br>लोकतंत्र सुनिश्चित करता हैः<br>A. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव<br>B. व्यक्ति की गरिमा<br>C. बहुसंख्यकों का शासन<br>D. कानून के समक्ष समानता | **1** |
| **5** | निम्नलिखित में से कौन सा भूमि निम्नीकरण का एक कारण **नहीं** है।<br>1. खनन<br>2. अतिचारण<br>3. वनारोपण<br>4. अतिसिंचाई<br>A. केवल 1<br>B. केवल 1 व 2<br>C. केवल 3<br>D. केवल 2 व 4 | **1** |
| **6** | वियना कांग्रेस कब आयोजित की गई?<br>A. 1815<br>B. 1816<br>C. 1808<br>D. 1820 | **1** |
| **7** | वह क्षेत्रक जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करके वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है, कहलाता है–<br>A. तृतीयक क्षेत्रक<br>B. प्राथमिक क्षेत्रक<br>C. द्वितीयक क्षेत्रक<br>D. सेवा क्षेत्रक | **1** |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| 8 | अलग ईलम की मांग को लेकर श्रीलंका में सत्ता संघर्ष किसके द्वारा शुरू किया गया?<br>A. सिंहली<br>B. तमिल<br>C. जर्मन<br>D. फ्लेमिश | 1 |
| 9 | राकेश अपने खेतों में चावल की बुवाई करना चाहता है बताइए उसे किस ऋतु में चावल बोना चाहिए?<br>A. ग्रीष्म ऋतु<br>B. शीत ऋतु<br>C. वर्षा ऋतु<br>D. बसंत ऋतु | 1 |
| 10 | इनमें से किस राज्य में काली मृदा पाई जाती है?<br>A. राजस्थान<br>B. महाराष्ट्र<br>C. पंजाब<br>D. हरियाणा | 1 |
| 11 | निम्नलिखित में से कौन – सा कथन इटली के एकीकरण के संदर्भ में सही है?<br>1. ज्यूसेपे मेत्सिनी ने इटली के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।<br>2. ज्यूसेपे गैरीबाल्डी ने राजतंत्र का समर्थक था।<br>3. इटली में काफी जनसंख्या साक्षर थी।<br>A. केवल 1<br>B. केवल 2<br>C. केवल 2 व 3<br>D. 1, 2 व 3 सभी सत्य हैं। | 1 |
| 12 | निम्नलिखित में से कौन – सा कथन कोयले के संदर्भ में सही <u>नहीं</u> है?<br>A. कोयला बहुतायत में पाया जाने वाला जीवाश्म ईंधन है।<br>B. लिग्नाइट एक उच्च कोटि का भूरा कोयला है, जो कि सख्त एवं निम्न आर्द्रता वाला होता है।<br>C. बिटुनिमस वाणिज्यिक क्षेत्र में सर्वाधिक लोकप्रिय है।<br>D. कोयला ऊर्जा का एक नवीकरणीय संसाधन है। | 1 |
| 13 | निम्नलिखित में से महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम – 2005 के संदर्भ में क्या सत्य हैं?<br>A. वर्ष में 100 दिनों का रोजगार<br>B. ग्रामीण क्षेत्र के लिए रोजगार<br>C. यदि सरकार रोजगार उपलब्ध करवाने में असफल रहती है तो बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान।<br>D. उपरोक्त सभी | 1 |
| 14 | निम्नलिखित में से कौन–सा सत्ता में साझेदारी का उर्ध्वार्धर वितरण का एक उदाहरण **नहीं** है?<br>A. कार्यपालिका<br>B. केन्द्र सरकार<br>C. राज्य सरकार<br>D. स्थानीय स्वशासन | 1 |
| 15 | निम्नलिखित में से कौन सा कथन <u>असत्य</u> है?<br>A. प्राथमिक क्षेत्र को कृषि एवं सबंधित क्षेत्रक भी कहा जाता है। | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | B. द्वितीयक क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्रक भी कहा जाता है।<br>C. मत्स्य पालन द्वितीयक क्षेत्रक में आता है।<br>D. बैंक सेवाएँ तृतीयक क्षेत्रक के अंतर्गत आती है। | |
| **16** | भारतीय वन संरक्षण अधिनियम कब लागू किया गया?<br>A. 1970<br>B. 1971<br>C. 1972<br>D. 1973 | **1** |
| **17** | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)** : भारत एक विकासशील देश है।<br>**कारण (R)** : भारत की साक्षरता दर 100 प्रतिशत है।<br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| **18** | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)**: बेल्जियम ने अपने संविधान में चार बार संशोधन किए।<br>**कारण** (R) : संविधान सभी को एक ही देश में एक साथ रहने में सक्षम बनाने के लिए था।<br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| **19** | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)**: 1832 में कुस्तुनतुनिया की संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।<br>**कारण (R):** वियना कांग्रेस मैटरनिख ने आयोजित की।<br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| **20** | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)**: एक खनिज विशेष जो निश्चित तत्त्वों का योग है, उन तत्त्वों का निर्माण उस समय के भौतिक व रासायनिक परिस्थितियों का परिणाम है।<br>**कारण (R)**: खनिजों में विविध रंग, कठोरता, चमक, घनत्व तथा विविध क्रिस्टल पाए जाते हैं।<br>विकल्प : | **1** |

DoE Delhi
https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| | A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | |
| | **खण्ड ख**<br>**अति लघु–उत्तरीय प्रश्न** | **(4X2=8)** |
| **21** | भारत में क्षेत्रीय दलों के उभार ने संघवाद एवं लोकतंत्र को मजबूत किया है।' उचित तर्कों के साथ कथन को न्यायसंगत ठहराइए। | **2** |
| **22** | भारत के स्वतंत्रता संग्राम में विभिन्न जाति, धर्म एवं भाषा के लोगों में किस प्रकार सामूहिक अपनेपन का भाव विकसित हुआ? | **2** |
| **23** | 'लोकतंत्र सामाजिक विविधताओं के मध्य सामंजस्य स्थापित करता है।' इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। | **2** |
| **24** | (a) जलोढ़ मृदा की प्रमुख विशेषतओं का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>(b) काली मृदा की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | **2**<br><br>**2** |
| | **खण्ड ग**<br>**लघु–उत्तरीय प्रश्न** | **(5X3=15)** |
| **25** | यूरोप के राष्ट्रवादी संघर्षों में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा कीजिए। | **3** |
| **26** | संगठित क्षेत्रक व असंगठित क्षेत्रक की तुलना कीजिए। | **3** |
| **27** | कृषि के विभिन्न प्रकारों पर एक नोट लिखिए। | **3** |
| **28** | बेल्जियम एवं श्रीलंका के उदाहरणों के माध्यम से सत्ता में साझेदारी के महत्त्व का वर्णन कीजिए। | **3** |
| **29** | (a) 'बैंकों एवं सहकारी समितियों को भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में साख की गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता है'। उचित तर्कों के साथ कथन की व्याख्या कीजिए। अथवा<br>(b) भारत की अधिकांश जनता अभी भी ऋण के लिए अनौपचारिक स्रोतों पर ही क्यों निर्भर हैं? | **3**<br><br>**3** |
| | **खण्ड घ**<br>**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** | **(4X5=20)** |
| **30** | (a) 'आधुनिक लोकतंत्र राजनैतिक दलों के बिना संभव नहीं है'। कारण बताइए।<br>अथवा<br>(b) विभिन्न देशों में पाई जाने वाली दलीय व्यवस्था का वर्णन कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| **31** | (a) मुद्रा के आधुनिक रूपों ने किस प्रकार मानव जीवन को सरल किया है? दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।<br>अथवा<br>(b) विनिमय के माध्यम के रूप में मुद्रा की विकास यात्रा का वर्णन कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| **32** | (a) किस गैस पाइपलाइन को गैस यातायात की धमनी कहा जाता है। क्यों?<br>अथवा<br>(b) बायोगैस ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान है। कथन की व्याख्या कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| **33** | (a) सविनय अवज्ञा आंदोलन व असहयोग आंदोलन का निम्नलिखित बिंदुओं पर तुलना कीजिए। (उद्देश्य, जन– भागीदारी एवं सीमाएँ) | **5** |

DoE, Delhi

अथवा

(b) अल्लूरी सीताराम राजू कौन थे? असहयोग आंदोलन में उनके योगदान का वर्णन कीजिए। **3+2=5**

## खण्ड ड.

## केस – आधारित प्रश्न **(3X4=12)**

**34** बहुत सारे राष्ट्रवादियों को लगता था कि अंग्रेजों के ख़िलाफ़ संघर्ष अहिंसा के जरिए पूरा नहीं हो सकता। 1928 में दिल्ली स्थित फ़िरोजशाह कोटला मैदान में हुई बैठक में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी (एच.एस.आर.ए.) की स्थापना की गई। इसके नेताओं में भगत सिंह, जतिन दास और अजॉय घोष शामिल थे। देश के विभिन्न भागों में कार्रवाइयाँ करते हुए एच. एस.आर.ए. ने ब्रिटिश सना के कई प्रतीकों को निशाना बनाया। 1929 में भगत सिंह और बटुकेश्वर दन ने लेजिस्लेटिव असेंबली में बम फेंका। उसी साल उस ट्रेन को उड़ाने का प्रयास किया गया जिसमें लॉर्ड इरविन यात्राा कर रहे थे। जिस समय भगत सिंह पर मुकादमा चला और उन्हें फाँसी दी गई उस समय उनकी उम्र केवल 23 साल थी। अपने मुकदमे के दौरान भगत सिंह ने कहा था कि वे 'बम और पिस्तौल की उपासना नहीं करते' बल्कि समाज में क्रांति चाहते हैं–
'क्रांति मानवजाति का जन्मजात अधिकार है जिसका अपहरण नहीं किया जा सकता। स्वतंत्रता प्रत्येक मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है।'

34.1 प्रत्येक मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार क्या है? **1**

34.2 हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी (एच.एस.आर.ए.) की स्थापना का मूल उद्देश्य क्या था? **1**

34.3 भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों पर प्रकाश डालिए। **2**

**35** अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए।
नीचे दी गई सारणी में रोजगार के विभिन्न क्षेत्रकों की हिस्सेदारी (%) में दी गई हैं। सारणी को सावधानी से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| रोजगार में क्षेत्रकों की हिस्सेदारी (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|
| क्षेत्रक | 1977–78 | 2017–18 |
| प्राथमिक क्षेत्रक | 71 | 44 |
| द्वितीयक क्षेत्रक | 11 | 25 |
| तृतीयक क्षेत्रक | 18 | 31 |

35.1 प्राथमिक क्षेत्रक की रोजगार में हिस्सेदारी 1977–78 में कितनी थी? **1**

35.2 तृतीयक क्षेत्रक की रोजगार में हिस्सेदारी 2017–18 में कितनी थी? **1**

35.3 प्राथमिक क्षेत्रक की तुलना में तृतीयक क्षेत्रक पर बढती हमारी निर्भरता किस बात का प्रतीक है? **2**

**36** अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए।
भारत की विधायिका में महिला प्रतिनिधियों का अनुपात बहुत ही कम है। जैसे, लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या पहली बार 2019 में ही 14.36 फ़ीसदी तक पहुँच सकी है। राज्यों की विधान सभाओं में उनका प्रतिनिधित्व 5 फ़ीसदी से भी कम है। इस मामले में भारत का नंबर दुनिया के देशों में काफ़ी नीचे है । भारत इस मामले में अफ़्रीका और लातिन अमरीका के कई विकासशील देशों से भी पीछे है। कभी-कभार कोई महिला प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की कुर्सी तक आ गई है पर मंत्रिमंडलों में पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। इस समस्या को सुलझाने का एक तरीका तो निर्वाचित संस्थाओं में महिलाओं के लिए कानूनी रूप से एक उचित हिस्सा तय कर देना है। भारत में पंचायती राज के अंतर्गत कुछ ऐसी ही व्यवस्था की गई है। स्थानीय सरकारों यानी पंचायतों और नगरपालिकाओं में एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। आज भारत के ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में निर्वाचित महिलाओं की संख्या 10 लाख से ज़्यादा है।महिला संगठनों और कार्यकर्ताओं की माँग है कि लोक सभा और राज्य विधान सभाओं की भी एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर देनी चाहिए।


36.1 2019 के लोक सभा चुनावों में महिला सांसदों का प्रतिशत कितना था ? **1**

36.2 निर्वाचित संस्थाओं में महिलाओं के लिए कानूनी रूप से एक उचित हिस्सा देने का तरीका क्या हो सकता है ? **1**

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| | 36.3 महिला सशक्तिकरण के कुछ उपाय बताइए। | 2 |
| | **खण्ड च**<br>**मानचित्र आधारित प्रश्न** | **(2+3=5)** |
| **37** | (a)भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो स्थानों को A और B से अंकित किया गया है। इन स्थानों को नीचे दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिएः<br><br>(i) उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।<br>(ii) भारत के उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ महात्मा गांधी ने नील कृषकों के लिए आंदोलन किया।<br><br>(b)भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिएः<br><br>I. हल्दिया पत्तन<br>II. कांडला पत्तन<br>III. नोएडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क<br>IV. राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन<br><br>नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर हैं।<br>इतिहास<br>(37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।<br>(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गांधी ने नील कृषकों के लिए सत्याग्रह किया।<br><br>भूगोल<br>किन्हीं तीन प्रश्नो के उत्तर दीजिए।<br>(37.3) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ हल्दिया पत्तन स्थित है।<br>(37.4) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ कांडला पत्तन स्थित है।<br>(37.5) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ नोएडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है।<br>(37.6) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है। | <br><br><br>1<br>1<br><br><br>1<br>1<br>1<br>1<br><br><br>1<br>1<br><br><br>1<br>1<br>1<br>1 |



DOE, DC
https://www.evidyarthi.in/